BASIS ARAB GULF

| Naphtha ($MT) | Kcro (S-MT) | USD ($MT) | HSFO 180 ($MT) |
|---|---|---|---|
| 188.99 | 184.56 | 167.08 | 98.194 |
| 161.20 | 155.46 | 141.11 | 83.3: |
| 144.51 | 132.05 | 119.85 | 57.660 |
| 131.45 | 122.77 | 117.22 | 50.638 |
| 128.04 | 111.66 | 107.10 | 60.443 |
| 138.97 | 129.23 | 121.20 | 70.463 |

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए सर्वेक्षण**

234. **श्री सूर्यभान पाटिल वहाडणे** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए किन-किन स्थानों का सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) किन-किन राज्यों में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस निकालने की संभावनाओम का पता लगाया गया है;

(ग) क्या अनिवासी भारतीयों ने भी उपर्युक्त खोज कार्य के लिए अपनी सेवाये देने की पेशकश की है; और

(घ) यदि हां, तो अनिवासी भारतीयों को किन-किन स्थानों पर खोज कार्य करने की अनुमति दी जाएगी?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार )** : (क) और (ख) भारत में, पूर्व एवं पश्चिम तट अपतटीय बेसिनों और अंडमान-निकोबार समुद्री क्षेत्रों के अलावा निम्नांकित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अंतर्गत तेल एंव प्राकृतिक गैस के अन्वेषण के संबंध में सर्वेक्षण किए गए हैं;

आन्ध्र प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

**हमीरपुर जिले के सुजानपुर तीरा में रसोई गैस के लिए प्रतीक्षा सूची**

235. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मई और जून, 1997 के दौरान नये गैस कनेक्शन जारी करने के लिए हिमाचल प्रदेश्के हमीरपुर जिले में सृजानपुर तीरा में नागरिक पूर्ति कुकिंग गैस एजेंसी मेम कितने नाम दर्ज किए गए हैं;

(ख) अब तक कितने रसोई गैस कनैक्शन जारी कर दिए गए हैं;

(ग) प्रतीक्षा सूची में अभी भी लंबित मामलों की संख्या कितनी है;

(घ) मई-जून, 1997 मे पंजीकरण कराने वाले लोगों को कब तक शामिल कर लिया जायेगा और उन्हें कनैक्शन जारी कर दिये जायेंगे; और

(ड़) क्या गैस कनैक्शन अब तक जारी न करने से सम्बधित कोई शिकायत मिली है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार)** : (क) सुजानपुर तीरा में मई-जून, 1997 के दौरान सिविल सप्लाई कुकिंग गैस एजेंसी के पास पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या निम्नवत थी:

| मास | पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| मई 1997 | 415 |
| जून, 1997 | 297 |